मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-249
04/05/2021

# मुख्यमंत्री ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं जम्मू–कश्मीर के भूतपूर्व राज्यपाल पद्म विभूषण जगमोहन मल्होत्रा जी के निधन पर शोक और गहरी संवेदना व्यक्त की

पटना, 04 मई 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं जम्मू–कश्मीर के भूतपूर्व राज्यपाल पद्म विभूषण जगमोहन मल्होत्रा जी के निधन पर शोक और गहरी संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि जगमोहन मल्होत्रा जी कुशल प्रशासक एवं विद्वान व्यक्ति थे। उन्होंने कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाते हुए हमेशा देश की प्रगति के लिए कार्य किया। स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में वे केंद्रीय मंत्री थे और उनके साथ मुझे भी काम करने का मौका मिला था। बिहार के पर्यटन के विकास में उनका विशेष योगदान था। उनकी बेहतर उपलब्धियों के लिए वर्ष 1971 में पद्मश्री, 1977 में पद्म भूषण और 2016 में पद्म विभूषण से उन्हें सम्मानित किया गया था। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******